# विषैले भोजन से 1 बेटे की मौत, पति-पत्नी व बेटा गंभीर

## रामपुर बाघेलान के बांधा गांव की घटना, मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधा गांव में उस वक्त दलि दहला देने वाली घटना सामने आई जब विष मिला भोजन करने के कारण पूरे परिवार की हालत गंभीर हो गई. मेडिकल कॉलेज रीवा में उपचार के दौरान जहां बड़े बेटे की मौत हो गई वहीं पति पत्नी और छोटे बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस द्वारा की जा रही जांच में प्रारंभिक तौर पर पारिवारिक विवाद का कारण सामने आ रहा है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार बांधा गांव निवासी कुंदन शर्मा अपनी पत्नी ज्योति और दो बेटे आकाश 6 वर्ष और अभिषेक 3 वर्ष के साथ रहते थे. पड़ोसियों के अनुसार सोमवार की शाम लगभग 7 बजे कुंदन के घर से आपसी विवाद की आवाजें जोर जोर से आ रही थीं. जिसके कुछ देर बाद शांति छा गई. यह देख लोगों को लगा कि किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा और फिर शांत हो गया होगा. लेकिन कुछ देर बाद ही कुंदन का छोटा बेटा अभिषेक रोते हुए घर से बाहर निकला. अभिषेक को रोता देख जब पड़ोसियों ने कुंदन के घर में प्रवेश किया तो वहां का दृश्य देख उनके होश उड़ गए. कुंदन ज्योति और आकाश बेसुध होकर पड़े नजर आए. यह देख उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए रामपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रीवा के लिए रेफर कर दिया गया. मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बड़े बेटे आकाश ने दम तोड़ दिया. जबकि कुंदन ज्योति और छोटे बेटे अभिषेक की हालत गंभीर बनी हुई है. प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई कि आपसी विवाद के बाद भोजन में विष मिला दिया गया होगा. जिसका सेवन करने से सभी की हालत बिगड़ गई होगी. पुलिस द्वारा सभी कोण को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है.

### इनका कहना है

प्रथम दृष्टया जहरीले पदार्थ के सेवन के चलते बड़े बेटे की मौत हो जाने और पति पत्नी व छोटे बेटे की हालत गंभीर होने की घटना सामने आई है. पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विवेचना की जा रही है. जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

**प्रेम लाल कुर्वे,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना


# तीसरे दिन 10 किमी दूर मिले बालकों के शव

## रविवार को नहाने के दौरान नहर में हुए थे लापता

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरमारी गांव से निकली बाणसागर परियोजना की पुरवा नहर में रविवार दोपहर डूबे दो नाबालिग बच्चों के शव मंगलवार को खोज लिया गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने यह शव रामपुर बाघेलान के नेमुआ गांव के पास नहर में तलाशी अभियान के दौरान पाया, जो घटना स्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरमारी गांव निवासी दो नाबालिग बच्चे रविवार को पुरवा नहर में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। लगातार करीब दो दिनों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद मंगलवार को एक बच्चे का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान 13 वर्षीय आयुष विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं,





दूसरे बच्चे 15 वर्षीय आर्यन मिश्रा की तलाश जारी रखी गई। पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम नहर के विभिन्न हिस्सों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाते हुए कुछ देर बाद आर्यन का शव देखते ही उनकी मांएं ने सिर्फ चिग्घाड़ मार कर रोने लगीं बल्कि वे बार बार बेसुध होती भी नजर आई।

# अंकों के गलत योग पर परीक्षक को जुर्माना

## एक अंक पर 100 रु. का जुर्माना, 10 प्रतिशत से अधिक अशुद्धि पर मानदेय होगा जब्त

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. जिले के मूल्यांकनकर्ता का तृतीय चरण का प्रशिक्षण उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक-1 में सुबह और दोपहर की पाली में मंगलवार को पूरा हो गया। जिसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण यह जानकारी सामने आई कि अंकों का योग गलत करना या कोई भी प्रश्न आमूल्यांकित पाए जाने पर परीक्षकों पर 100 प्रति अंक का अर्थ दंड दिया जाएगा।**

इसी कड़ी में कुल जांची गई कॉपियों में 10 प्रतिशत से ज्यादा अशुद्धियां मिलने पर संबंधित परीक्षकों का मानदेय जब्त कर उनका नाम ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। एवरेज मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को मूल्यांकन कार्य से बाहर करने का भी प्रावधान रहेगा । अटेंडेंस एप में सुबह 10 के बाद हाजरी लगने पर विलंब उपस्थिति माना जाएगा। 90 प्रतिशत या उससे ऊपर या जीरो अंक पाने वाले विद्यार्थियों की कॉपी क्रॉस चेक करने का प्रावधान रहेगा।

मुख्य परीक्षक काली एवं सहायक मुख्य परीक्षक हरी एवं परीक्षक लाल पेन से कॉपी चेक



करेंगे। कॉपी का संचयी योग एवं सभी प्रश्न मूल्यांकित हो गए हैं इसकी क्रॉस चेकिंग उपमुख्य परीक्षक द्वारा किया जाएगा प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों के मूल्यांकन कर्ताओं को उनके विषय गत मूल्यांकन कार्य की गंभीरता एवं जवाबदेही के विषय में समझाया गया। ।समय एवं तनाव प्रबंधन, टीम वर्क आदि पर जोर दिया गया , इस बार मूल्यांकन कार्य में न्यूनतम 45 और अधिकतम 60 कॉपियां प्रतिदिन मूल्यांकनकर्ताओं को चेक करना होगा। मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल के उपस्थिति ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना आदि का भी मूल्यांकन कर्ताओं प्रशिक्षण दिया गया। आन लाइन हाजरी अनिवार्य रहेगी सुबह 10:00 बजे एवं साय 4.30 बजे तक उपस्थित रहना होगा ।

### इनकी मौजूदगी में हुआ प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में वेंकट वन प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल , प्रभारी डॉक्टर उदय चतुर्वेदी एवं स्टेट असेसमेंट सेल के रिसोर्स पर्सन मोहित गर्ग एवं श्रीमती कुंदन सिंह ने मास्टर ट्रेनर का कार्य किया। प्रथम पाली में हिंदी सामाजिक विज्ञान, विज्ञान ,उर्दू एवं द्वितीय पाली कक्षा 12 के हिंदी भूगोल राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र एग्रीकल्चर, उर्दू आदि विषयों के मूल्यांकन कर्ताओं को माध्यमिक शिक्षा मंडल की गाइडलाइन एवं महत्वपूर्ण जानकारियां स्मार्ट बोर्ड में पीपीटी के माध्यम से प्रदान की गई। अनुपस्थित शिक्षकों को 12 तारीख को पुन प्रशिक्षण दिया जाएगा

# ऑटो को टक्कर मार भाग रही कार में मिली नशीली दवा

▶ 96 हजार की नशीली दवा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. ऑटो ओ टक्कर मार कर भाग रही कार का पीछा करते हुए जब पुलिस टीम ने उसे पकड़ा तो जांच के दौरान कार में नशीली दवा की खेप बरामद कर ली गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

थाना प्रभारी कोठी संतोष तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात थाड़ीपाथर में कार एवं ऑटो की एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई। जिसे देखते हुए पुलिस



टीम मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर कार को रोकवाया गया। कार चालक एवं कार में बैठे एक अन्य व्यक्ति से पूछताछ करने पर निकी पहचान मोहम्मद खुर्शीद पिता मोहम्मद खलील उम्र 28 वर्ष निवासी जवान सिंह कॉलोनी भुजवा मोहल्ला सतना और निखिल राजवानी पिता संजय राजवानी उम्र 25 वर्ष निवासी सांई मंदिर के आगे धवारी सतना के तौर पर हुई। कार की तलाशी लेने पर कार में 478 नग अवैध प्रतिबंधित कफ सिरप पाई गई। जिसकी कीमत 96,317 रु आंकी गई। पुलिस द्वारा नशीली कफ सिरप के साथ साथ घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया।

# प्रस्तावित गाइडलाइन में 12 प्रतिशत की वृद्धि

नवभारत न्यूज

**सतना 10 मार्च. राजस्व जिला मैहर और सतना की अचल संपत्ति के मूल्य निर्धारण मार्गदर्शिका के अनुसार प्रस्तावित गाईड लाइन वर्ष 2026-27 के लिए 12 प्रतिषत की औसत वृद्धि की गई है।**

कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में प्रस्तावित गाइड लाइन पर चर्चा की गई। इस मौके पर विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, आयुक्त नगर निगम षेर सिंह मीना, जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह, महाप्रबंधक उद्योग आरएल पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड, लोक निर्माण सहित संबंधित अधिकारी और उप पंजीयक उपस्थित रहे। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह ने बताया कि प्रचलित वित्तीय वर्ष के लिए कुल 3197 लोकेषन अस्तित्व में है। इनमें से 151 लोकेषन मर्ज करने के उपरांत कुल 110 लोकेषन निर्मित की जा रही है। जिसके आधार पर प्रस्तावित गाइड लाइन में 3156 लोकेषन षामिल की गई है। नई 110 लोकेषन में सतना की 58, नागौद की 24, रामपुर बघेलान में 16, मैहर की 10 और अमरपाटन की 2 लोकेषन षामिल है। इस प्रकार वर्ष 2026-27 की गाइड लाइन में कुल 3156 लोकेषनों में नगरीय एवं ग्रामीण मिलाकर सतना में 1123, नागौद 761, अमरपाटन में 508, रामपुर बघेलान में 401, मैहर में 363 लोकेषन षामिल है।

# स्कूटी की टक्कर से मां-बेटी घायल

## ककरा के पास सड़क पार करते वक्त हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च, मैहर जिले के अमरपाटन में एनएच 30 पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार स्कूटी ने सड़क पार कर रही महिला और उसकी डेढ़ साल की बच्ची को टक्कर मार दी। इस हादसे में उमरी ( रीवा ) निवासी 30 वर्षीय कविता कुशवाहा और उनकी बेटी आशी गंभीर घायल हो गईं। वहीं स्कूटी चला रही आशा कार्यकर्ता को भी चोटें आई हैं।**

हादसे के तुरंत बाद राहगीरों ने 1033 हाईवे एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके जरिए तीनों घायलों को अमरपाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने मां-बेटी की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार महिला एक आशा कार्यकर्ता है जो घटना के समय अपनी ड्यूटी पर जा रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार समेत तीनों लोग सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। फिलहाल आशा कार्यकर्ता का इलाज अमरपाटन सिविल अस्पताल में चल रहा है।

### अस्पताल में उपचार जारी

गंभीर रूप से घायल कविता कुशवाहा और उनकी मासूम बेटी को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा ग्राम ककरा के पास उस समय हुआ जब महिला अपनी बच्ची के साथ सड़क पार करने की कोशिश कर रही थी।

# सतना अंडर-18 वन-डे टीम चयन के लिए ट्रायल आज

## टीएनटी ग्राउंड में सुबह 9 बजे से होगा चयन ट्रायल

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. आगामी 15 मार्च से आयोजित होने वाली अंतरजिला अंडर-18 वन-डे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सतना जिले की टीम चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टीम चयन हेतु ट्रायल 11 मार्च को प्रात: 9 बजे से सतना के टीएनटी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।**

तदर्थ कमेटी के सदस्य पुष्पराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन ट्रायल पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराया जाएगा। प्रतियोगिता मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नियमों के अनुरूप आयोजित की जा रही है, इसलिए केवल निर्धारित आयु वर्ग के खिलाड़ी ही इसमें भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2007 से 31 अगस्त 2010 के बीच है। निर्धारित आयु सीमा से कम या



पुष्पराज

अधिक आयु के खिलाड़ियों को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुष्पराज सिंह ने आगे बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 100 रुपये पंजीयन शुल्क जमा करना होगा।

साथ ही खिलाड़ियों को अपने साथ मूल जन्म प्रमाण-पत्र, पिछले तीन वर्षों की अंकसूची और आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर ट्रायल स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।

उन्होंने जिले के सभी योग्य और उत्साही खिलाड़ियों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग लें और सतना जिले की टीम में स्थान पाने के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। चयन प्रक्रिया जिला चयन समिति के सदस्यों की देखरेख में संपन्न होगी।

# मौहारी टोल प्लाजा की कार्यशैली से आक्रोशित हुए ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. सतना नागौद के बीच राजमार्ग पर स्थित मौहारी टोल प्लाजा इन दिनों विवादों का केंद्र बन गया है। टोल कर्मचारियों के कथित अभद्र व्यवहार और प्रबंधन की मनमानी से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने मंगलवार को स्थानीय सरपंचों के नेतृत्व में प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।**

प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय का घेराव किया और तहसीलदार प्रज्ञा दुबे को ज्ञापन सौंपकर टोल प्रबंधन पर नियमों की धज्जियाँ उड़ाने के गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि टोल पर तैनात कर्मचारियों का रवैया न केवल अमानवीय



है, बल्कि वहां सुरक्षा मानकों की भी भारी अनदेखी की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि टोल प्लाजा पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को काम पर रखा गया है। ये कर्मचारी स्थानीय नागरिकों के साथ आए दिन विवाद करते हैं और गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बना रहता है। इसके अलावा, नियमों के अनुसार कर्मचारियों के लिए निर्धारित यूनिफॉर्म, आईडी कार्ड, सेफ्टी शूज और पीपीई किट जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों का कहीं अता-पता नहीं है।

### जांच कार्रवाई का आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार प्रज्ञा दुबे ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और सौंपे गए ज्ञापन को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले टोल प्रबंधन के खिलाफ विस्तृत जांच के बाद सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कन्या विवाह योजना में बीपीएल की पात्रता समाप्त किया जाए

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. भाजपा नेता अभिषेक तिवारी आशीष ने सतना सांसद गणेश सिंह,विधायक नागेन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस से मांग की है.**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीबी रेखा की पात्रता समाप्त कर उन परिवारों को शामिल किया जाए जिनका गरीबी रेखा बीपीएल सूची में नाम नहीं है और बहुत गरीब परिवार है जो इस योजना के अंतर्गत अपनी कन्याओं का विवाह करना चाहते है लेकिन बीपीएल में नाम न होने की वजह से लाभ से वंचित हो रहे है। आगे उन्होंने जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से आवश्यक पहल किए जाने की मांग दोहराई है।

# अनुपस्थित अधिकारियों के निलंबन का प्रस्ताव आयुक्त को भेजेंगे

## जिला पंचायत संचार संकर्म समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. संचार सकर्म स्थाई समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत सभागार सतना में किया गया।**

बैठक में निर्णप लिया गया कि समिति ऐसे विभाग प्रमुखों के खिलाफ कार्यवाई का प्रस्ताव संभागयुक्त रीवा को भेजेगी जो लापरवाह है। सूचना के बाद भी समिति की बैठक से दूर रहते हैं और ग्रामीण विकाम के प्रति रुचि नहीं रखते हैं। लेकिन इसके पहले समिति संबंधित विभाग को बैठक में सूचना के बाद भी उपस्थित न होने का लिखित कारण जानेगी। निर्धारित समय में संतुष्टकारक जबाव न मिल पाने की दशा में आगे की कपिकाई की जोपगी। तीन माह में आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमत्री ग्रामीण सड़क, जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित न होने पर भेजी जायेगी कारण बताओ नोटिस लोकनिर्माण विभाग की पी.आई. यू. व ब्रिज विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, सिंचाई परियोजना से संबंधित बाणसागर नहर व बरगी नहर विभाग, जल जीवन निधन, आदिम जाति कल्याण जनजातीय कपि विभाग, चिकित्मा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला खनिज विभाग, वन विभाग, वेयर हाउस कार्पोरेशन, कृषि उपज मण्डी, किसान कल्याण एव कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विमाग, भूमि संरक्षण विभाग व विद्युत विभाग के प्रमुखो को समय-समय पर आयोजित बैठक में उपस्थित न होने पर निलंबनका प्रस्तात तैयार उसे के पहले कारण बतायो नोटिस भेजने का निर्णय लिया गया है।

भरहुत् अमृत सरोबर की जांच को नकारा गया- जन?पर पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत भरहुत में माडल अमृत सारोवट का निर्माण 24.79 लाप्त की लागत से 2023 में कटापा गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर इमबात की जांच 15 बिंदुओं में तय की गई थी कि बगैर कपि के मजदूरी के नाम पर 169000/- रूपये निकाले गए हैं।

प्रस्तुत जीच प्रतिवेदन को संचार संकर्म समिति के सभापति ने पूरी तरह से नकार दिया और कहा कि जांच उनकी उपस्थिति में हुई है, लेकिन रेस के एसडीओ डारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में जोच के तप विन्दुओं की अनदेखी की गी है।

# रिपेयरिंग के नाम पर 10 फिट की जगह उखाड़ डाली 45 फीट नाली

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 मार्च. शहर में विकास कार्यों के नाम पर हो रहे निर्माण कार्यों में नियमों को ताक पर रखकर काम किए जाने का मामला सामने आया है। नगर निगम द्वारा उन स्थानों पर भी निर्माण और रिपेयरिंग कार्य कराया जा रहा है जहां इसकी आवश्यकता नहीं है।**

ऐसा ही एक मामला शहर के टिकुरिया टोला स्थित वार्ड क्रमांक 45 में सामने आया है, जहां इन दिनों नाली निर्माण, रिपेयरिंग और नाली को कवर करने के लिए स्लैब डालने का काम चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार रिपेयरिंग के नाम पर मनमाने ढंग से उन नालियों को भी तोड़ा जा रहा है जिनकी स्थिति



पहले से ही ठीक है। वार्ड के दीपक पत्ती गोदाम के पीछे गली नंबर चार में यह स्थिति स्पष्ट रूप से देखने को मिली। यहां करीब 10 फिट नाली का एक हिस्सा ही मरम्मत योग्य था, लेकिन ठेकेदार के मैदानी अमले ने जेसीबी लगाकर लगभग 45 फीट तक की पूरी नाली को उखाड़ दिया। इतना ही नहीं, हाल ही में लगाए गए पेवर्स ब्लॉक को भी तोड?र तहस-नहस कर दिया गया। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने महापौर योगेश ताम्रकार को वीडियो के माध्यम से दी। इसके बाद महापौर ने तत्काल संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए। हालांकि इसके बावजूद मौके पर निगम का कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा, बल्कि ठेकेदार का प्रतिनिधि ही स्थिति संभालने पहुंचा। उसने स्थानीय लोगों को सफाई देते हुए कहा कि यह गलती लेबर और जेसीबी ऑपरेटर की है। ठेकेदार के प्रतिनिधि ने यह भी स्वीकार किया कि यहां केवल करीब 10 फीट नाली की ही रिपेयरिंग की आवश्यकता थी।

इस पूरे घटनाक्रम ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनता के पैसे से किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए निगम के इंजीनियर और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचते। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और कोई निगरानी नहीं है।

## एक नजर में



### भरहुत स्तूप पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**सतना.** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के प्राचार्य डॉ सुरेश चंद्र राय के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा 卐भरहुत स्तूप- बहुआयामी सांस्कृतिक विरासत पर एक परिसंवाद卐 विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना है ताकि वह भरहुत को विश्व पटल पर पुनर्स्थापित कर सके। अगले वक्ता के रूप में विशिष्ट अतिथि डॉ हर्षवर्धन जी कुलगुरु एकेएस विश्वविद्यालय सतना द्वारा भारत के विविध आयामों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह एक सांस्कृतिक विरासत है। सतना जिले की पहचान भरहुत स्तूप से है। जिला मुख्यालय में भरहुत नगर है भरहुत होटल है पर भरहुत स्तूप में आज कुछ नही है।




### स्वर्णकार समाज का होली मिलन समारोह

**सतना.** स्वर्णकार समाज सतना द्वारा आयोजित आमसभा एवं होली मिलन समारोह गौरवपूर्ण संपन्न हुआ ।समारोह के मुख्य अतिथि गणेश प्रसाद सोनी वरिष्ठ समाजसेवी ,सतना,रहे। अध्यक्षता रामखेलावन सोनी सतना द्वारा की गई। समारोह का शुभ आरंभ आदि देव महाराज अजमीढ़ देव जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में समाज के बच्चों का विवाह बहुत अधिक उम्र में किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि भविष्य में हमें इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अधिक अपेक्षा और कैरियर से संभोक्ता कर विवाह की उम्र होने पर विवाह करें।

### महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए

**सतना।** नई दिल्ली स्थित मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित महिला विंग



सम्मेलन में देशभर से आई महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गरिमामयी उपस्थिति में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों पर व्यापक चर्चा हुई। प्रदेश से डॉ. रश्मि सिंह सिंह भी इस आयोजन में शामिल हुई थीं। डॉ. रश्मि सिंह ने अपने विचार रखते कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति और समाज सेवा के हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और नेतृत्व का प्रमाण दे रही हैं। ऐसे में उन्हें बराबरी का अवसर देना समय की मांग है उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब देश की आधी आबादी महिलाएं हैं, तो प्रतिनिधित्व भी 50ङ्ग50 होना चाहिए ।महिलाओं को 50त्न आरक्षण मिलने से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा देश के विकास में महिलाओं की भूमिका और प्रभावी बनेगी।